ETV BHARAT

उत्तर प्रदेश

Uttar Pradesh

आगरा में 40 लाख के नकली नोट बरामद, दिल्ली से नागपुर में होनी थी 80 गड्डियों की सप्लाई

आगरा : जीआरपी और आरपीएफ ने आगरा में 40 लाख रुपए के नकली नोटों की खेप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार किया है. तस्कर दिल्ली से नकली नोट की खेप लेकर आगरा आया था. नकली नोटों की सप्लाई नागपुर में करनी थी. पूछताछ में नकली नोट की तस्करी के एक अंतरराज्यीय गैंग की जानकारी मिली है, जो दिल्ली से ऑपरेट हो रहा है. जिसका नेटवर्क जीआरपी खंगाल रही है. अभियुक्त के खिलाफ आगरा कैंट जीआरपी में मुकदमा दर्ज किया गया है.

आगरा कैंट के जीआरपी थाना पुलिस ने बुधवार रात प्लेटफॉर्म नंबर-1 दिल्ली साइड पर चेकिंग में संदिग्ध हालत में बैठे युवक को हिरासत में लिया. युवक से पूछताछ की और उसके बैग की तलाशी ली. जिसमें नोटों के 8 पैकेट मिले. ये नोट 500-500 के थे. इन आठ पैकेट में नकली नोट की 80 गड्डी बरामद हुईं. जिसकी हर गड्डी में 100 नोट थे. इस तरह से युवक से 40 लाख रुपए के नकली नोट मिले.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/state/smuggler-arrested-with-fake-notes-worth-rs-40-lakh-in-agra-ups26051407636